# INGERSOLL RAND
# आचार संहिता



*Ingersoll Rand कम्प्रेसर वाहन सेवा केंद्रों पर एयर टूल्स और अन्य उपकरण संचालित करते हैं।*

# विषय-वस्तु


1

**हमारे CEO का संदेश** **2**

**हमारा उद्देश्य और मूल्य** **4**

2

**हम सही काम करते हैं** **6**
- संहिता का परिचय
- नैतिक व्यावसायिक लेन-देन
- तीसरे पक्षों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन करना
- हित के टकराव
- कॉर्पोरेट अवसर
- धोखाधड़ी
- व्यावसायिक आवभगत और भोजन
- उपहार
- धन-शोधन (मनी लांडरिंग)
- सटीक और पूर्ण व्यावसायिक रिकॉर्ड्स और सार्वजनिक प्रकटीकरण
- कंपनी के धन को सुरक्षित रखना
- कंपनी की संपत्ति की चोरी या दुरुपयोग
- सरकारी, कानूनी और मीडिया पूछताछ

3

**हम कानून का पालन करते हैं** **17**
- कानूनों, नियमों एवं विनियमों का अनुपालन
- अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक विनियम
- उचित प्रतिस्पर्धा
- रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार-रोधक
- सरकार के साथ व्यवसाय करना
- सरकारी कर्मचारियों को नियुक्त करना
- पारिश्रमिक और कार्यसमय संबंधी नियम
- पर्यावरण की रक्षा करना
- कंपनी की जाँचों तथा लेखा-परीक्षाओं में सहयोग करना

4

**हम ग्राहकों को सफल बनाते हैं** **23**
- उत्पाद की गुणवत्ता
- ग्राहक संतुष्टि

5

**हम साथ मिलकर काम करते हैं** **24**
- स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून
- एक-दूसरे से सम्मान से पेश आना
- निजता
- विविधता एवं समावेशन
- उत्पीड़न-रोधक
- कार्यस्थल हिंसा को बिल्कुल सहन न करना
- ड्रग और अल्कोहल-मुक्त
- सामुदायिक एवं राजनैतिक गतिविधियाँ

6

**हम रचनात्मक रूप से सोचते हैं** **28**
- गोपनीय सूचना
- भेदिया व्यापार
- बौद्धिक संपदा
- ईमेल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और सूचना प्रणालियाँ
- कंपनी रिकॉर्ड्स का रखरखाव

7

**हम कार्रवाई करते हैं** **33**
- किसी सरोकार को रिपोर्ट करना
- प्रतिशोध-विरोध
- संहिता के उल्लंघन के परिणाम
- संहिता से छूट

**मुख्य संपर्क सूत्र** **39**

**देश के अनुसार हॉटलाइन नंबर** **40**

# Vicente Reynal का संदेश

1

Ingersoll Rand में, हम अपने लेन-देनों में ईमानदार रहकर और कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शेयरधारकों और हमारे समुदायों के बीच प्रमाणिकता के साथ काम करके प्रतिदिन विश्वास अर्जित करने का प्रयास करते हैं। हमारा उद्देश्य *जीवन को बेहतर बनाने में आपकी सहायता के लिए हमारी मदद लें* — में सत्यनिष्ठा से काम करना शामिल है, चाहे चुनौती कितनी ही कठिन हो।

The Ingersoll Rand वैश्विक आचार संहिता हम में से प्रत्येक का तब सही निर्णय लेने में मार्गदर्शन कर सकती है जब उच्चतम नैतिक मानकों के साथ-साथ सभी लागू कानूनों के अनुसार व्यवसाय करने संबंधी कंपनी की अपेक्षाओं का प्रश्न हो।



— Gardner Denver और Ingersoll Rand — जिन दो कंपनियों को हम साथ लाए हैं, वे 300 से अधिक संयुक्त वर्षों से उद्योग में अग्रणी हैं। 1800 के दशक के बाद से हालाँकि बहुत कुछ बदल गया है, परंतु एक प्रेरणा शक्ति जिसमें कोई ढील नहीं दी गई, वह है कि हम व्यवसाय कैसे करते हैं। अपनी संस्कृतियों को परिभाषित करने वाली स्पष्ट दृष्टि और विविध मूल्यों के माध्यम से Gardner Denver और Ingersoll Rand दोनों समय की कसौटी पर खरे साबित हुई हैं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि दोनों कंपनियाँ हमेशा समान लक्ष्य: सदैव- सही काम करना, के साथ संचालित हों।

जब हम उद्योग के दो अग्रणियों को एक संगठन में संयोजित करने की अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं, तब हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारी आचार संहिता में शामिल मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन किया जाए:

- हम सही काम करते हैं
- हम कानून का पालन करते हैं
- हम ग्राहकों को सफल बनाते हैं
- हम साथ मिलकर काम करते हैं
- हम रचनात्मक रूप से सोचते हैं
- हम कार्रवाई करते हैं

कृपया हमारी संहिता को पढ़ने और समझने के लिए समय निकालें और जहाँ आवश्यक हो, वहाँ इसे फिर से देखें। याद रखें, भले ही संहिता में स्पष्ट, सपाट तरीके से काम करने के लिए विवरण निहित हों, परंतु इसमें प्रत्येक स्थिति का उल्लेख नहीं हो सकता है। चूंकि ऐसी परिस्थितियाँ सामने आती हैं जो इसमें समाहित नहीं है, ऐसे में हमें स्वयं को अवश्य कंपनी का स्वामी समझना चाहिए और उसी तरह व्यवहार करना चाहिए, इन मुद्दों पर काम करना चाहिए और बिना कोई समझौता किए सही परिणाम तक पहुँचना चाहिए।

एक अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जो हम सभी की है, वह संहिता, कंपनी नीति या कानून के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करने के बारे में है। यदि आप ऐसा व्यवहार देखें जो उचित नहीं हो, तो अपनी बात रखें। यदि आपका कोई प्रश्न हो, तो मार्गदर्शन का अनुरोध करें। संहिता के अंत में, संपर्कों की सूची दी गई है जिससे आपकी किसी भी पूछताछ के लिए आपको सही व्यक्ति या सही विभाग तक पहुँचने में मदद मिलेगी। मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूँ कि इस संहिता, कंपनी की किसी भी नीति या कानून के संभावित उल्लंघन के बारे में चिंता प्रकट करने के लिए किसी के भी विरुद्ध प्रतिशोधात्मक कार्रवाई को Ingersoll Rand में बर्दाश्त नहीं किया जाता है। यदि आपको लगता है कि ऐसी चिंता प्रकट करने के कारण आपसे बदला लिया जा रहा है, तो कृपया हमारी वैश्विक नैतिकता हॉटलाइन (Global Ethics Hotline) या कानूनी विभाग (Legal Department) से तुरंत संपर्क करें।

हमारी प्रतिष्ठा हमारी जिम्मेदारी है, और इस संहिता का पालन करके, आप उस प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हैं और मजबूत करते हैं। हम अपने हितधारकों को प्रदर्शित करते हैं कि हम ईमानदार, भरोसेमंद और प्रदर्शन-संचालित व्यवसाय के भागीदार हैं जो हमेशा बेहतर होने के लिए प्रतिबद्ध है। यही वह मंत्र है जो अगले 300 वर्षों में हमें Ingersoll Rand में सफलता प्राप्त करने में मदद करेगा।

सादर,

Vicente Reynal
मुख्य कार्यपालक अधिकारी (Chief Executive Officer)



# हमारा सहारा लें

## जीवन को बेहतर बनाने में आपकी सहायता करने के लिए

## हम मालिकों की तरह सोचते और व्यवहार करते हैं।

जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए 160 सालों से हम हर दिन जाग रहे हैं। हम उद्यमिता की भावना और स्वामित्व मानसिकता से प्रेरित हैं, जो हमारे पड़ोसियों और हमारी साझा पृथ्वी की गंभीर रूप से चिंता करने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारे अंदर कार्यवाही करने, जिम्मेदारी स्वीकार करने और असफलताओं से शीघ्र वापसी करने के प्रति पूर्वाग्रह है।

## हम अपने ग्राहकों को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमें अपने नवाचार पर गर्व है, और हमारा लक्ष्य, स्पष्ट और सही तरीके से काम करना है। हम अपने ग्राहकों के साथ जीवन भर के लिए जुड़े रहने के लिए प्रयास करते हैं और उसके साथ हमारे ऊपर आने वाली जिम्मेदारी को स्वीकार करते हैं। हम जानते हैं कि वे आवश्यक, महत्वपूर्ण और मिशन के लिए महत्वपूर्ण समाधानों के लिए हम पर निर्भर करते हैं।

## विनम्रता और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ते हुए, हम अपनी आकांक्षाओं में निर्भीक हैं।

हममें कठोरतम समस्याओं का सामना करने का आत्मविश्वास है, फिर भी हम विनम्रता की वास्तविक भावना से भरे हुए हैं। चुनौती कितनी भी कठोर क्यों ना हो सत्यनिष्ठा से काम करते हुए हम अपने व्यवहारों में ईमानदार रह कर हम हर रोज़ विश्वास हासिल करने का प्रयास करते हैं। हम स्पष्टता से बोलते हैं, अपनी गलतियां स्वीकार करते हैं और बेहतर कल के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

## हम प्रेरित टीमों को बढ़ावा देते हैं।

हम एक ऐसी संस्कृति का पोषण कर रहे हैं और आनंद मना रहे हैं जो विविध विचारों, पृष्ठभूमियों और अनुभवों को अपनाती है। हम लोगों के साथ व्यवहार करने और उनको अवसर उपलब्ध कराने में समानता के प्रति प्रतिबद्ध हैं। और हम जानते हैं कि कोई कार्यस्थल जो समावेशन, जुड़ाव और सम्मान के भाव को पैदा करता है सबसे अधिक प्रतिभावान और सक्षम कर्मचारी विकसित करेगा।

# हम सही काम करते हैं

2

**हम निष्पक्ष और ईमानदार हैं।**
चुनौती कितनी भी कठोर क्यों ना हो सत्यनिष्ठा से काम करते हुए हम अपने व्यवहारों में ईमानदार रह कर हम हर रोज़ विश्वास हासिल करने का प्रयास करते हैं। हम मानते हैं कि ईमानदारी के साथ कार्य करना व्यवसाय करने का सही तरीका ही नहीं है; बल्कि यह व्यवसाय करने का **एकमात्र** तरीका है।

## संहिता का परिचय

सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सुदृढ़ निर्णय Ingersoll Rand और इसकी सहायक कंपनियों (सामूहिक रूप से, "Ingersoll Rand " या "कंपनी") की प्रतिष्ठा और सफलता के मूलभूत आधार हैं। यह आचार संहिता (यह "संहिता") यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई है कि सभी निदेशक, अधिकारी (प्रधान कार्यकारी अधिकारी, प्रधान वित्त अधिकारी, प्रधान लेखा अधिकारी या नियंत्रक और ऐसे कार्य करने वाले व्यक्ति) और कंपनी के कर्मचारी (सामूहिक रूप से "कर्मचारी") न केवल सदैव स्वयं कानून सम्मत रूप से आचरण करें, बल्कि अपने व्यावसायिक लेन-देनों के प्रत्येक पहलू में उच्चतम नैतिक मानकों को बनाए रखें और अनुचित व्यवहार के प्रतीत होने से भी बचें।

संहिता कानूनी या नैतिक प्रश्नों का सामना करने पर कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है, और यह कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे इसे ध्यान से पढ़ें और समझें। हालाँकि, यह संहिता सर्व-समावेशी नहीं है, और हम यह उम्मीद नहीं करते हैं कि यह संहिता

व्यवसाय के संचालन के दौरान सामने आने वाले प्रत्येक संभावित प्रश्न का समाधान करेगी। कंपनी कर्मचारियों से अपेक्षा करती है कि वे उन उच्च नैतिक मानकों जिनके लिए कंपनी प्रतिबद्ध है, का पालन करने के लिए प्रत्येक समय अपने यथोचित विवेक का उपयोग करेंगे। यदि आप किसी नैतिक स्थिति के बारे में चिंतित हों या निश्चिंत नहीं हों कि विशिष्ट आचरण कंपनी के आचरण मानकों पर खरा उतरता है या नहीं, तो आप अपने सुपरवाइज़रों या प्रबंधकों से और, जहाँ उपयुक्त हो, कंपनी के महापरामर्शदाता, से कोई भी ऐसा प्रश्न पूछने के लिए उत्तरदायी हैं जिसे कंपनी की अपेक्षाएं समझने के लिए आप आवश्यक समझते हों।

## नैतिक व्यावसायिक लेन-देन

Ingersoll Rand की ओर से कर्मचारियों के लेन-देन में सत्यता होनी चाहिए। आपको गोपनीय सूचनाओं की हेराफेरी, छिपाव, दुरूपयोग, महत्वपूर्ण तथ्यों को मिथ्या रूप से, गलत रूप से प्रस्तुत करके या अन्य इरादतन अनुचित लेन-देन पद्धतियों के माध्यम से कभी भी अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। कंपनी के भीतर या बाहर ग्राहकों, प्रतिस्पर्धियों, आपूर्तिकर्ताओं, सरकारी एजेंसियों या अन्यों के साथ सभी पारस्परिक-क्रियाओं और संचारों में, कर्मचारियों से ईमानदारी और निष्कपटता की उम्मीद की जाती है।

## तीसरे पक्षों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन

हम गुण-दोष, सेवा की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा के आधार पर तीसरे पक्ष के एजेंटों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन करते हैं। हम अपने तृतीय पक्ष एजेंटों और आपूर्तिकर्ताओं पर सत्यनिष्ठा के वही उच्च मानक लागू करते हैं जो हम स्वयं पर करते हैं।

तीसरे पक्षों और आपूर्तिकर्ताओं का चयन करते और बरकरार रखते समय आपको लागू बोली, सौदावार्ता और अनुबंध प्रक्रिया का पालन करना चाहिए; उनकी प्रतिष्ठा और योग्यता निर्धारित करने के लिए उचित सावधानी का इस्तेमाल करना चाहिए; और हित के किसी भी टकराव से बचना चाहिए।

### संहिता जागरूकता

नए विक्रय एजेंट की सोर्सिंग की प्रक्रिया में, Ling कंपनी की भ्रष्टाचार-रोधी अनुपालन नीति का पालन करता है। उस प्रक्रिया के दौरान, संभावित नया विक्रय एजेंट अनुरोध करता है कि भुगतान एजेंट की बजाय किसी अन्य के नाम के खाते में किए जाएं। Ling जानता है कि वह ऐसी "खतरे का संकेत" है जिसे अनुपालन विभाग के ध्यान में लाया जाना आवश्यक है ताकि जिस विक्रय एजेंट के साथ Ling को व्यवसाय करना है, उसकी प्रतिष्ठा और योग्यता निर्धारित करने के लिए अधिक उचित सावधानी बरती जा सके।



*Ingersoll Rand कंप्रेसर बचाव दलों और स्कूबा गोताखोरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले टैंकों में श्वास वायु भरते हैं।*

इसके अलावा, किसी तीसरे पक्ष के साथ एजेंसी जैसे संबंध (जैसे, विक्रय एजेंट, विक्रय प्रतिनिधि, डीलर, वितरक, आदि) में प्रवेश करने से पहले, आपको कंपनी के लेन-देन भागीदार संबंधी उचित सावाधानी का पालन करना होगा। इस प्रक्रिया में आपसे लेन-देन भागीदार संबंधी उचित विवेक मूल्यांकन पूरा करना और बाहरी पक्ष की प्रतिष्ठा सत्यापित करने के लिए कुछ चरणों का पालन करना और इस तरह रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के जोखिम को कम करना अपेक्षित है। यदि इस नीति या प्रक्रिया के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे कंपनी की आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का पालन करें और कंपनी के संबंधित वैश्विक सोर्सिंग सिद्धांतों का पालन करें।

## हित के टकराव

Ingersoll Rand का सर्वोत्तम हित सदैव सबसे ऊपर रखें।

कर्मचारियों को अपने प्रत्येक निर्णय में Ingersoll Rand के सर्वोत्तम हित के अनुसार कार्य करना होगा। ऐसी स्थिति में टकराव उत्पन्न हो सकता है जब कोई कर्मचारी व्यक्तिगत लाभ या अपने लिए या परिवार के किसी सदस्य को लाभ के बदले इस तरह प्रभावित हो जाए या प्रभावित प्रतीत हो, जो कि कंपनी के प्रति कर्मचारी के दायित्व से असंगत हो। यह आवश्यक है कि किसी कर्मचारी के निजी हितों और Ingersoll Rand के हितों के बीच टकराव की प्रतीति से भी बचा जाए।

हालाँकि ऐसी प्रत्येक परिस्थिति का वर्णन करना संभव नहीं है जहां हितों का टकराव हो सकता है, फिर भी हितों के कुछ संभावित टकरावों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऐसे व्यवसाय में कर्मचारी, स्वामी, निदेशक या वित्तीय निवेशक होना जो Ingersoll Rand के साथ प्रतिस्पर्धा करता हो
- ऐसे व्यवसाय में कर्मचारी, स्वामी, निदेशक या वित्तीय निवेशक होना जो Ingersoll Rand के साथ लेन-देन करता हो
- ऐसे पद के लिए कार्मिक चयन प्रबंधक होना जिसके लिए किसी संबंधी पर विचार किया जा रहा है
- ऐसे सह-कार्मिक के साथ सीधे रिपोर्टिंग संबंध में होना, जिसके साथ आपका प्रेम संबंध हो
- अपने निजी समय में, सलाहकार के रूप में ऐसी कंपनी के लिए काम करना, जो Ingersoll Rand की प्रतिस्पर्धी हो
- अपने निजी समय में, सलाहकार के रूप में ऐसी कंपनी के लिए काम करना, जो Ingersoll Rand के साथ अनुबंध करती हो
- किसी संबंधी के स्वामित्व वाली कंपनी को कोई अनुबंध प्रदान करना या व्यवसाय करना
- कर्मचारियों, या उनके निकट पारिवारिक सदस्यों को ऋण देना, या उनके दायित्वों के लिए गारंटी देना।

हित के टकरावों की सामान्यतया मनाही है। सीमित स्थितियों में अपवाद संभव हैं, परंतु ऐसा केवल (1) वरिष्ठ प्रबंधन के कम से कम दो सदस्यों (अधिकारियों या निदेशकों के अलावा अन्य कर्मचारियों के मामले में) या (2) निदेशक मंडल (अधिकारियों या निदेशकों के मामले में) के द्वारा विशिष्ट या सामान्य श्रेणियों की समीक्षा और अनुमोदन के बाद ही हो सकता है। हो सकता है कि हित के टकराव सदैव सुस्पष्ट न हों, इसलिए यदि आपका कोई प्रश्न है, तो आपको अपने सुपरवाइज़रों या प्रबंधकों और जहाँ उचित हो, कंपनी के जनरल काउंसेल के साथ परामर्श करना चाहिए । हित के किसी टकराव का प्रकटीकरण करने में विफलता संहिता का उल्लंघन है।

## संहिता जागरूकता

Rohini की टीम एक ऐसी परियोजना पर काम कर रही है जिसकी समय-सीमा बेहद कम है और टीम को अंतिम समय पर पता चलता है कि उन्हें ब्रोशर का एक अतिरिक्त सेट प्रिंट करना होगा या यह उनसे छूट जाएगा। Rohini के पति एक प्रिंट व्यवसाय के मालिक हैं, लेकिन उनसे ब्रोशर प्रिंट करने का अनुरोध करने से पहले, वे अनुपालन विभाग से परामर्श करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यह स्थिति टकराव की प्रतीति सृजित करती है और संभावित टकराव का प्रकटीकरण किया जाना चाहिए। यदि स्थिति कभी भी संदेहास्पद हो जाए, तो तो अनुपालन विभाग द्वारा स्वतंत्र समीक्षा सभी संबद्ध लोगों की रक्षा करती है।



*अखबारें और पत्रिकाएं छापने के लिए लुगदी से कागज बनाने से लेकर कागज उद्योग में Ingersoll Rand के विभिन्न उत्पादों का उपयोग किया जाता है।*

## संहिता जागरूकता

जर्मनी में व्यावसायिक यात्रा के दौरान रोहित का ग्राहक उसे रात्रिभोज कराता है। जब रोहित वापस घर लौटता है, तो वह उस भोजन को प्रतिपूर्ति संबंधी अपनी व्यय रिपोर्ट में प्रस्तुत नहीं कर सकता है।

कोई भी कर्मचारी जो किसी अधिकारी या निदेशक के सिवाए किसी कर्मचारी से जुड़े किसी टकराव या संभावित टकराव से अवगत हो जाता है, उसे तुरंत इसे किसी सुपरवाइज़र, प्रबंधक या अन्य उपयुक्त कार्मिकों के ध्यान में लाना चाहिए। कर्मचारियों को "किसी चिंता को रिपोर्ट करना" के तहत "हम कार्रवाई करते हैं" में वर्णित सूचना प्रक्रियाओं का उपयोग करना चाहिए।

कोई भी सुपरवाइज़र या प्रबंधक जो किसी टकराव या संभावित टकराव की रिपोर्ट प्राप्त करता है, उसे तुरंत कंपनी के जनरल काउंसेल को इसके बारे में रिपोर्ट करना होगा। वरिष्ठ प्रबंधन के किसी सदस्य के हित के किसी वास्तविक या संभावित टकराव का सीधे कंपनी के जनरल काउंसेल के समक्ष प्रकटीकरण किया जाना चाहिए। अंततः, किसी निदेशक से जुड़े हित के वास्तविक या संभावित टकरावों का प्रकटीकरण सीधे कंपनी के निदेशक मंडल को करना चाहिए।

## कॉर्पोरेट अवसर

कर्मचारियों का कंपनी के प्रति कर्त्तव्य है कि वे तब कंपनी के वैध व्यावसायिक हितों को बढ़ाएं, जब ऐसा करने का अवसर आए। कर्मचारियों को इनकी मनाही है:

- ऐसा कोई भी अवसर स्वयं को या किसी अन्य को प्रदान करना जो कंपनी की संपत्ति या जानकारी के उपयोग के माध्यम से या कंपनी के साथ उसकी स्थिति के परिणामस्वरूप पाया जाता है;
- अनुचित व्यक्तिगत लाभ के लिए कंपनी की संपत्ति या जानकारी या अपनी स्थिति का उपयोग करना; तथा
- किसी ऐसे व्यावसायिक उद्यम में प्रवेश करना जो कंपनी के साथ प्रतिस्पर्धा करता है या प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है।

## धोखाधड़ी

व्यय रिपोर्ट या समयपत्र में झूठी जानकारी न दें। ऐसा करना धोखाधड़ी है।

जब आप स्वयं के गैर-कानूनी व्यक्तिगत या वित्तीय लाभ या किसी अन्य के लाभ के लिए कोई जानकारी छुपाते हैं, बदलते हैं, मिथ्याकरण करते हैं, या छोड़ते हैं, तो आप धोखाधड़ी करते हैं।

धोखाधड़ी के उदाहरणों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- सह-कार्मिक के प्रदर्शन को बेहतर दर्शाने के लिए कंपनी के बहीखातों और रिकॉर्डों में वित्तीय जानकारी की गलत जानकारी देना
- विकलांगता लाभ प्राप्त करने के लिए झूठी चिकित्सा जानकारी प्रस्तुत करना
- उत्पादकता के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विनिर्माण संख्याएं बदलना
- अपने स्वयं के लाभ के लिए चेक में जालसाजी या फेरबदल

## व्यावसायिक आतिथ्य और भोजन

आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य व्यावसायिक संपर्क-सूत्रों के साथ सामाजिक संबंध बनाना मज़बूत कामकाजी रिश्तों को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकता है, लेकिन इस बात की सीमाएं हैं कि किस प्रकार की आवभगत और सामाजिक कार्यक्रम स्वीकार्य हैं। सामान्य तौर पर, आपको भोजन या आवभगत के लिए ऐसे निमंत्रण नहीं देना चाहिए यदि ऐसा करने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि आप किसी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह, आपको केवल उन निमंत्रणों को स्वीकार करना चाहिए जो व्यवसाय से संबंधित हों और स्वतंत्र रूप से पेश किए जाते हों। व्यावसायिक भोजन या आवभगत की स्वीकृति अवश्य उचित मूल्य की होनी चाहिए, यह अनुपालन विभाग की पूर्व अनुमति के बिना "यथोचित" सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### संहिता जागरूकता

ऐसे किसी संभावित विक्रेता जिसके साथ कंपनी व्यवसाय करने पर विचार कर रही है, से बैठक के बाद, विक्रेता ने समिंदर और उनकी पत्नी को बेहद महंगे रात्रिभोज और संगीत कार्यक्रम में आमंत्रित किया। विक्रेता का कहना है कि वह अनुबंध के लिए अपनी कंपनी पर विचार करने के लिए समिंदरको धन्यवाद देना चाहता है। समिंदर ने इससे इनकार कर दिया क्योंकि वह विक्रेता चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी निष्पक्षता से समझौता नहीं करना चाहता।



*Ingersoll Rand कम्प्रेसरों का उपयोग दुनिया भर में पेय पदार्थों और बॉटलिंग प्रचालनों में किया जाता है।*

सभी व्यवसाय संबंधी भोज और आवभगत व्ययों को व्यय रिपोर्ट पर ठीक से और सटीक रूप से दर्ज करना होगा।

सरकारी अधिकारियों को भोजन और आवभगत के प्रावधान को नियंत्रित करने वाले नियम भोजन और मनोरंजन को नियंत्रित करने वाले सामान्य नियमों की तुलना में अधिक सख्त हैं और इस संहिता के "उपहार" खंड में अधिक विस्तारपूर्वक वर्णित हैं।

## उपहार

कभी भी ऐसा उपहार स्वीकार न करें जो आपके विवेक को अस्पष्ट कर दे या जिससे आप अपनी निर्णय प्रक्रिया में पक्षपाती प्रतीत हों।

सद्भावना पैदा करने और व्यावसायिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए व्यावसायिक उपहारों का कभी-कभार आदान-प्रदान एक आम बात है। फिर भी, यदि दिए या प्राप्त किए जाने वाले उपहार का मूल्य अत्यधिक है, तो यह प्राप्तकर्ता की ओर से व्यक्तिगत दायित्व की भावना पैदा कर सकता है या अनुचित व्यवस्था के रूप में प्रतीत हो सकता है।

दिए गए या प्राप्त किए गए उपहार "उचित" सीमा से अधिक नहीं होने चाहिए। यदि कोई उपहार सीमा से अधिक है, तो यह अनुपालन विभाग द्वारा अवश्य **पूर्व-अनुमोदित** होना चाहिए। यदि आपको सीमा से अधिक में कोई उपहार प्राप्त होता है और उपहार को अस्वीकार या वापस करना अव्यावहारिक है, तो आपको कार्रवाई के उचित तौर-तरीके का निर्णय करने के लिए इसे तुरंत अनुपालन विभाग को रिपोर्ट करना होगा। **मूल्य चाहे कितना ही हो, आपको नकद या नकद समकक्ष** (जैसे, उपहार कार्ड) का उपहार कभी भी कतई स्वीकार नहीं करना चाहिए।

### संहिता जागरूकता

छुट्टियों के समय के दौरान, कंपनी के आपूर्तिकर्ताओं में से कोई एक क्रिस्टीना को उपहार कार्ड देने की पेशकश करता है जिसे स्थानीय स्पा में सेवा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। क्रिस्टीना विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया क्योंकि वह जानती है कि उपहार कार्ड को नकद के समकक्ष ही माना जाता है और यह चाहे कितना भी छोटा क्यों न हो, कर्मचारियों के लिए नकद या नकद के समकक्ष उपहार स्वीकार करना सदैव मना है।

कंपनी की आपसे अपेक्षा है कि आप जिस देश में आप व्यवसाय कर रहे हैं, आप वहाँ उपहार संबंधी प्रचलित कानूनी और नैतिक अपेक्षाओं से अवगत हों और इनका पालन करें।

सरकारी अधिकारियों को उपहार प्रदान करने को नियंत्रित करने वाले नियम उपहार प्रदान करने को नियंत्रित करने वाले सामान्य नियमों की तुलना में अधिक सख्त हैं। कर्मचारियों के लिए किसी भी सरकारी कर्मचारी, सरकारी कर्मचारी के पति/पत्नी या रिश्तेदार को नकद, नकद समकक्ष, राजनीतिक और धर्मार्थ दान, वस्तु के रूप में सेवाओं, भोजन, यात्रा और आवभगत, उपहार, या आर्थिक मूल्य की किसी भी कीमती वस्तु की पेशकश करना सख्त मना है, ताकि इससे कंपनी के लिए कोई लाभ हो सके।

## धन-शोधन (मनी लांडरिंग)

प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी धनशोधन योजना में शामिल होने से बचने के लिए अपनी भागीदारी करनी चाहिए। धन-शोधन ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अवैध कार्यकलापों की रकम छिपाने का प्रयास करते हैं जिससे उनके अवैध धन का स्रोध वैध दिखे। आपको यह हमेशा सुनिश्चित करना होगा कि आप विख्यात व्यक्तियों के साथ वैध धन का उपयोग करते हुए वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। यदि आपको यह संदेह हो कि आपका ग्राहक या आपूर्तिकर्ता किसी अवैध कार्यकलाप में संलग्न है, तो इसके बारे में अनुपालन विभाग (Compliance Department) को सूचित करें।

### संहिता जागरूकता

एक क्षेत्रीय वित्त नेतृत्वकर्ता Shakar तिमाही लाभकारिता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रोद्‌त खर्च को रिकॉर्ड नहीं करने का निर्णय करता है। ऐसा करके वह एक अनुचित वित्तीय रिकॉर्ड बनाता है जो संहिता का उल्लंघन है।



*एयरोस्पेस उद्योग के लिए बेहतरीन हमारे कंप्रेसर विभिन्न प्रवाह एवं दाब आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं जैसे वायु सुरंग और टर्बाइन परीक्षण।*

## सटीक और पूर्ण व्यावसायिक रिकॉर्ड और सार्वजनिक प्रकटीकरण

सभी महत्वपूर्ण तरीकों से कंपनी के बही-खातों, अभिलेखों और वित्तीय विवरणों की प्रामाणिकता, विश्वसनीयता और सटीकता कंपनी की निरंतर और भविष्य की व्यावसायिक सफलता के लिए मूलभूत आधार है।

इसके अलावा, ऐसी कंपनी के रूप में जिसके स्टॉक का सार्वजनिक रूप से कारोबार किया जाता है, कंपनी कई कानूनों और विनियमों के अधीन है जो हमारे व्यावसायिक रिकॉर्डों को नियंत्रित करते हैं, जिनमें U.S. प्रतिभूति कानून भी शामिल हैं। कंपनी को सभी लागू कानूनों और लेखांकन प्रथाओं का अनुपालन करते हुए अपनी वित्तीय गतिविधियों को रिकॉर्ड करना होगा और किसी भी और प्रत्येक सरकारी एजेंसी को वर्तमान, पूर्ण और सटीक जानकारी प्रदान करनी होगी। कोई भी कर्मचारी कंपनी को किसी धूर्त या गैर-कानूनी तरीके से प्रलेखित या रिकॉर्ड करने के इरादे से किसी लेन-देन में शामिल नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी कर्मचारी कंपनी द्वारा किए गए किसी लेन-देन का गलत या कृत्रिम दस्तावेजीकरण नहीं करेगा या इसकी प्रविष्टि खातों में नहीं करेगा। इसी प्रकार जिन वित्त तथा लेखांकन कर्मचारियों पर लेखांकन तथा वित्तीय मामलों को रिपोर्ट करने की ज़िम्मेदारी है, उन पर सभी निधियों, सम्पत्तियों तथा लेन-देन को कंपनी के खातों तथा रिकॉर्ड्स में सही-सही रिकॉर्ड करने का अतिरिक्त दायित्व है।

कम्पनी की नीति अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग, राज्य एजेंसियों के यहां दाखिल की गई या भेजी गई सभी रिपोर्टों और दस्तावेजों में लागू कानूनों, और विनियमों के अनुपालन में और कम्पनी द्वारा किए गए सारे सार्वजनिक सम्प्रेषणों में पूर्ण, निष्पक्ष, सही, सामयिक और समझने योग्य प्रकटीकरण करना है।

यदि आपको किसी ऐसे लेन-देन, घटना या परिस्थिति की जानकारी हो जाती है जो हमारी वित्तीय रिपोर्टों को प्रभावित कर सकती हैं, या उन्हें असत्य बना सकती हैं, तो आपको तुरंत हमारे कॉर्पोरेट नियंत्रक या विधि विभाग को इस मामले की जानकारी देनी चाहिए।

### संहिता जागरूकता

श्रीकांत के अपने व्यक्तिगत समय में वह और उसकी पत्नी एक छोटा-सा व्यवसाय विकसित कर रहे हैं। उसकी पत्नी पूछती है कि क्या वे व्यवसाय की योजना पर काम करने के लिए कंपनी द्वारा दिए गए कंप्यूटर का प्रयोग कर सकते हैं। श्रीकांत अपनी पत्नी को बताता है कि कम्प्यूटरों और फोनों सहित कंपनी के संसाधनों का निजी गैर-वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए सीमित उपयोग किया जा सकता है, परंतु कंपनी के संसाधनों का प्रयोग कभी भी कोई निजी व्यवसाय चलाने या इस प्रकार के उद्यम के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## कंपनी के धन की सुरक्षा करना

कंपनी की निधि को हमेशा विवेकपूर्ण तरीके से खर्च करें और बिना उचित अनुमोदन के कंपनी का धन कभी खर्च न करें। कंपनी की निधि का उपयोग किसी ऐसे उद्देश्य के लिए कभी नहीं किया जाना चाहिए जिसे अनैतिक समझा जा सके या जिसे किसी कानून का उल्लंघन समझा जा सके और कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड्स का प्रयोग गैर-व्यवसाय संबंधी खरीद के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## कंपनी की संपत्ति की चोरी या दुरुपयोग

कंपनी की संपत्ति के मामले में डील करते समय – ऐसा समझें कि आप इसके मालिक हैं। हममें से प्रत्येक कंपनी की संपत्ति को असावधानी, दुरुपयोग या क्षति से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जिम्मेदार है। स्पष्ट रूप से, कंपनी की संपत्ति को चुराना भी गलत तथा गैरकानूनी है।

सेल फोनों और कम्प्यूटरों में संवेदनशील डेटा हो सकता है। इनकी सुरक्षा करने के लिए उचित सावधानी बरतें। यदि आप इनमें से किसी एक को भी खो देते हैं, तो तुरंत अपने प्रबंधक और IT विभाग को सूचित करें।

सामान्य तौर पर कंपनी की सुविधाओं, उपकरणों, उत्पादों, कार्यालय उपकरणों, वाहनों, सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटरों, नेटवर्क और कंप्यूटर सिस्टम, टेलीफोन, सेल फोन, जेरोक्स मशीनों, आपूर्ति और अन्य संपत्ति का उपयोग केवल व्यवसाय-संबंधी उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। बिना उचित प्राधिकार के व्यक्तिगत उपयोग के लिए कंपनी की संपत्ति लेने या उपयोग करने को चोरी समझा जा सकता है। कुछ सम्पत्तियों, जैसे फोनों तथा कम्प्यूटरों का उपयोग सीमित प्रासंगिक व्यक्तिगत उपयोग के लिए किया जा सकता है, परंतु इससे कार्य निष्पादन में कोई व्यवधान नहीं आना चाहिए।

कंपनी की संपत्ति का उपयोग करते समय या अपना कार्य करते समय किसी ऐसी सामग्री तक पहुँच प्राप्त न करें, किसी के समक्ष प्रस्तुत न करें, प्रदर्शित, वितरित या भंडारित न करें जो यौन रूप से आपत्तिजनक, अश्लील, अपमानजनक, उत्पीड़न करने वाली, गैर-कानूनी या अन्यथा अनुचित हो।

### संहिता जागरूकता

हमारे संयंत्र में एक दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा दुर्घटना के बाद मीडिया इस घटना के संबंध में पृष्ठभूमि सूचना प्राप्त करने के लिए हरिशंकर से संपर्क करता है। हालाँकि हरिशंकर घटना के समय संयंत्र में ही था और जो हुआ उसने वह देखा था, फिर भी वह जाँच को कानूनी विभाग को सौंप देता है। हरिशंकर यह समझता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कंपनी के बारे में सारी सूचना संगत तथा सटीक होनी चाहिए।

# सरकारी, कानूनी और मीडिया पूछताछ

यह महत्वपूर्ण है कि कंपनी एक आवाज में बोले।



*Ingersoll Rand की ईंधन प्रणाली में ऐसे अत्याधुनिक GPS नियंत्रण हैं जो केवल प्रोग्राम की गई भौगोलिक सीमाओं के अंदर ईंधन को अनलोड करने की अनुमति देते हैं।*

समय-समय पर सरकारी एजेंसियाँ सूचना प्राप्त करने के लिए कंपनी के कार्मिकों से संपर्क कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त कोई निजी वकील आपसे कंपनी से जुड़े किसी कानूनी मामले के संबंध में संपर्क कर सकता है या मीडिया आपसे कंपनी से संबंधित किसी कार्यक्रम के संबंध में संपर्क कर सकता है। यदि कोई भी आपसे सूचना के लिए संपर्क करता है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप स्थानीय प्रबंधन या विधायी या अनुपालन विभाग को सूचित करें। कृपया स्वयं इन प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास न करें।

# हम कानून का पालन करते हैं

**हम किसी गैर-कानूनी क्रियाकलाप में शामिल न होते हुए अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखते हैं।**
एक वैश्विक कंपनी के रूप में हम उस प्रत्येक देश में लागू सभी कानूनों का अनुपालन करते हुए व्यवसाय करते हैं जिनमें हम अपना प्रचालन करते हैं। आपके कार्य पर लागू कानूनों को जानना आपकी ज़िम्मेदारी है। यदि आपका कोई प्रश्न है, तो सहायता के लिए अनुरोध करें।

3

## कानूनों, नियमों एवं विनियमों का अनुपालन

अर्थ और आशय - दोनों रूपों में कानून का पालन करना उन नींवों में से एक हैं जिन पर कंपनी के नैतिक मानक निर्मित किए जाते हैं। कंपनी का व्यवसाय करने में कर्मचारियों को उस क्षेत्र के क्षेत्राधिकार में लागू कानूनों का सम्मान तथा पालन अवश्य करना चाहिए जिस क्षेत्र में हम प्रचालन करते हैं। यद्यपि सभी कर्मचारियों से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वे इन कानूनों के बारे में विस्तार से जानें, परंतु यह निर्धारित करने के लिए लागू स्थानीय, राज्य तथा राष्ट्रीय कानूनों के बारे में पर्याप्त जानकारी होना महत्वपूर्ण है कि कब कंपनी के जनरल काउंसेल या अन्य उचित कार्मिक से सलाह ली जाए। यदि कोई कानून संहिता के विरोधाभास में है, तो आपको कानून का अनुपालन करना होगा किन्हीं लागू कानूनों, नियमों तथा विनियमों का अनुपालन करने में विफल होने के गंभीर परिणाम होते हैं, जिनमें सेवा समाप्ति और संभावित आपराधिक तथा दीवानी दंड भी शामिल हैं।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार विनियम



*Ingersoll Rand कंप्रेसर पूरे विश्व में माल-वाहक तथा क्रूज़ जहाजों में पाए जाते हैं।*

वैश्विक स्तर पर हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हम भौगोलिक सीमाओं के पार वस्तुएँ भेजते हैं। हमारे व्यावसायिक लेन-देन प्राय: निम्नलिखित सहित निर्यातों, पुन:-निर्यातों तथा आयातों को विनियमित करने वाले विभिन्न व्यापार कानूनों के अधीन होते हैं:

- निर्यात नियंत्रण कानून, सीमा-शुल्क कानून, व्यापारिक प्रतिबंध, व्यापार रोक, और आर्थिक प्रतिबंध
- ऐसे बहिष्कार-रोधक कानून जो कंपनियों को किसी ऐसे अन्तरराष्ट्रीय बहिष्कार में भाग लेने से मना करते हैं जिसे U.S. सरकार द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है।

खरीद आदेशों, अनुबंधों, इनवॉयस और भुगतान रिकॉर्ड्स सहित, परंतु इन तक सीमित नहीं, सभी आयात/निर्यात लेन-देन का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विनियम जटिल होते हैं। यदि आपका कोई प्रश्न है, तो कृपया अपने स्थानीय प्रबंधन या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

# उचित प्रतिस्पर्धा

## कभी भी प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्यों या बाजार शेयर पर चर्चा न करें।

एकाधिकारी व्यापार-रोधी कानून यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं कि प्रतिस्पर्धा मजबूत बनी रहे और मिली-भगत से मुक्त रहे। Ingersoll Rand सामूहिक कार्य और रचनात्मक सोच के माध्यम से हमारे द्वारा प्रतिस्पर्धा किए जाने वाले प्रत्येक व्यवसाय क्षेत्र में हमारे प्रतिस्पर्धियों से बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है, परंतु स्पर्धारोधी क्रियाकलापों के माध्यम से नहीं। हम जीतते हैं क्योंकि हमारी वैश्विक टीम उचित तरीके तथा ईमानदारी से व्यवसाय के लिए प्रतिस्पर्धा करती है। कर्मचारियों को **कभी भी**:

- प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्यों या कार्यनीतियों पर चर्चा कतई नहीं करनी चाहिए
- मूल्य निर्धारित करने, बोलियों को समन्वित करने, बाजार आवंटित करने या ग्राहक आवंटित करने के लिए कतई सहमत नहीं होना चाहिए

याद रखें कि आपके लिए व्यापार प्रदर्शनियों या ग्राहक कार्यक्रमों जैसे अनौपचारिक कार्यक्रमों में भी प्रतिस्पर्धियों के साथ स्पर्धा-रोधी विषयों पर चर्चा करना मना है। यदि आप स्वयं को किसी ऐसी स्थिति में पाते हैं जहाँ प्रतिस्पर्धी सूचना पर चर्चा की जा रही है, आपको वहाँ से अवश्य निकल जाना चाहिए और इस बातचीत को तुरंत कानूनी विभाग को रिपोर्ट करना चाहिए।

प्रतिस्पर्धा कानून जटिल होते हैं और इनके उल्लंघन के लिए बड़े जुर्माने होते हैं। यदि आपके कोई प्रश्न हैं तो कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

### संहिता जागरूकता

एक व्यापार प्रदर्शनी में, Marta की मुलाक़ात एक पूर्व कर्मचारी Sven से होती है जिसने एक प्रतिस्पर्धी कंपनी के साथ जुडने के लिए हाल ही में कंपनी छोड़ी है। Sven अगले वर्ष के लिए कंपनी की कुछ नई बिक्री रणनीतियों के बारे में कुछ प्रश्न पूछता है। Sven के एक मित्र तथा पूर्व सहकर्मी होने के बावजूद Marta उसे बताती है कि वह उसके साथ इस सूचना पर बात नहीं कर सकती क्योंकि वह एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। वह काम पर लौटते ही कानूनी विभाग को इस बातचीत को रिपोर्ट करने के लिए अपने मन में एक नोट भी तैयार कर लेती है।

## रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार-रोधक

किसी को भी ऐसा कुछ भी न दें जिसे रिश्वत समझा जा सके। हम "पूरी ईमानदारी" से व्यवसाय करते हैं।

### संहिता जागरूकता

कार्लोस, वेनेजुएला में एक बिक्री प्रबंधक है। वह वेनेजुएला की नौसेना को पंप उपलब्ध कराने के लिए एक परियोजना हेतु बोली लगा रहा है। नौसेना का एक अधिकारी कार्लोस के पास आता है और उसे बताता है कि एक अन्य कंपनी ने एक बेहतर बोली प्रस्तुत की है परंतु एक छोटे से शुल्क के बदले में वह सुनिश्चित कर सकता है कि यह अनुबंध कार्लोस को ही मिले। कार्लोस इस शुल्क का भुगतान करने से मना कर देता है क्योंकि वह जानता है कि व्यवसाय प्राप्त करने के लिए किसी विदेशी सरकारी अधिकारी को अनुचित भुगतान करना FCPA का उल्लंघन है। वह इस वार्तालाप के बारे में अनुपालन विभाग को भी रिपोर्ट करता है।.

Ingersoll Rand अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट पद्धतियाँ अधिनियम (U.S. Foreign Corrupt Practices Act - FCPA) और UK रिश्वतखोरी अधिनियम (UK Bribery Act) सहित पूरे विश्व में सभी रिश्वतखोरी-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कर्मचारियों और कंपनी की ओर से कार्य करने वाले अन्य लोगों के लिए सरकारी अधिकारियों या निजी, गैर-सरकारी व्यावसायिक इकाइयों को अनुचित भुगतान करने या इसका वादा करने की मनाही है। Ingersoll Rand सुविधा भुगतान – रोज़मर्रा के, गैर-विवेकाधीन कार्यों के लिए सरकारी कर्मचारियों को किए जाने वाले छोटे-छोटे भुगतानों की भी मनाही करता है। किसी सरकारी अधिकारी या किसी व्यक्ति को निम्नलिखित के बदले में या इस प्रयास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से **कुछ भी मूल्यवान** न दें:

- कोई अनुचित लाभ लेने के लिए
- व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए
- सरकारी या व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करने के लिए

रिश्वतखोरी-रोधी कानूनों का अनुपालन करने में विफल रहने के लिए जुर्माना अत्यधिक गंभीर हो सकता है। अतिरिक्त दिशानिर्देश के लिए, कृपया कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

## सरकार के साथ व्यवसाय करना

वर्तमान या संभावित सरकारी ग्राहकों के साथ काम करते हुए यह महत्वपूर्ण है कि हम सरकारी अनुबंध कार्य पर लागू विभिन्न कानूनों, विनियमों तथा कार्यविधियों का पालन करें। ये नियम सामान्यत: अन्य वाणिज्यिक ग्राहकों के साथ व्यवसाय को विनियमित करने वाले नियमों की तुलना में अधिक सख्त तथा जटिल होते हैं। यदि आपके कार्य में किसी सरकारी एजेंसी जैसे सेना, या किसी सरकारी अनुबंधकर्ता के साथ विपणन करना या उसे सामान बेचना, उसके साथ अनुबंध करना, या किसी परियोजना पर कार्य करना शामिल है, तो आपसे सरकार के साथ व्यवसाय को प्रबंधित करने वाले कानूनों तथा नियमों को जानने तथा उनका पालन करने की अपेक्षा की जाती है। इन नियमों का उल्लंघन करने के परिणामस्वरूप बड़ा जुर्माना लगाया जा सकता है, भविष्य में सरकारी अनुबंधों से वंचित किया जा सकता है और यहाँ तक कि व्यक्ति विशेष और कंपनी पर आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है।

## सरकारी कर्मचारियों की सेवाएँ लेना

Ingersoll Rand को वर्तमान तथा पूर्व सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को नियुक्त करने की प्रक्रिया को विनियमित करने वाले नियमों तथा विनियमों का पालन करना होगा। प्रारंभिक चर्चा शुरू करने से पहले ही मानव संसाधन और कानूनी या अनुपालन विभाग से पूर्व अनुमति प्राप्त कर लें।

## पारिश्रमिक और कार्यसमय संबंधी नियम

Ingersoll Rand सभी लागू पारिश्रमिक तथा कार्य समय कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि Ingersoll Rand के लिए किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए उचित पारिश्रमिक दिया जाए, सभी गैर-छूटप्राप्त (घंटेवार) कर्मचारियों को उनके देश में कानून या नीति के अनुसार अपने कार्य समय – चाहे पूर्व-निर्धारित हो या अनिर्धारित हो, ओवरटाइम या निर्धारित समय का हो, प्राधिकृत या अप्राधिकृत हो, को सही तरीके से रिकॉर्ड करना चाहिए।

### संहिता जागरूकता

सुमित्रा रक्षा विभाग के लिए काम करने वाले अब्दुल को नियुक्त करना चाहती है जो यह निर्धारित करने की प्रक्रिया में शामिल है कि क्या कंपनी को एक बड़े अनुबंध के लिए चुना जाता है। रक्षा विभाग द्वारा अनुबंध सौंपे जाने की प्रतीक्षा करते हुए, सुमित्रा यह बताने के लिए अब्दुल से संपर्क करने पर विचार करती है कि यदि कंपनी को अनुबंध मिलता है तो वह अब्दुल को कंपनी के लिए अनुबंध का प्रबंधन करने हेतु नियुक्त करना चाहेगी। सुमित्रा यह समझती है कि वर्तमान संघीय कर्मचारियों को नियुक्त करने की प्रक्रिया को प्रबंधित करने वाले कुछ नियम हैं, इसलिए वह मार्गदर्शन के लिए मानव संसाधन (HR) से संपर्क करती है। HR, सुमित्रा को सलाह देता है कि कंपनी को अब्दुल को नियुक्त करने का प्रस्ताव नहीं करना चाहिए। HR उसे यह भी बताता है कि करार प्राप्त होने के बाद अब्दुल को नियुक्त करना संभव हो सकता है, लेकिन उसके लिए भी, विभिन्न नियम लागू होते हैं और उसे केवल कानूनी या अनुपालन विभाग के अनुमोदन तथा मार्गदर्शन के साथ ही अब्दुल से संपर्क करना चाहिए।

## पर्यावरण की रक्षा करना

हम आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा करने के प्रति सजग हैं।

Ingersoll Rand पर्यावरण पर हमारे व्यवसाय के नकारात्मक प्रभाव को कम से कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और हम अपने संयंत्रों और सुविधाओं का प्रचालन सभी लागू पर्यावरणीय विनियमों का अनुपालन करते हुए कर रहे हैं। सभी कर्मचारियों से लागू पर्यावरणीय कानूनों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

## कंपनी की जाँचों तथा लेखा-परीक्षाओं में सहयोग करना

सभी कर्मचारियों से कंपनी की जाँचों में पूरा सहयोग करने और ईमानदारी से तथा सही-सही सूचना प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। किसी जाँच के दौरान सूचना को छिपाना या सहयोग करने में विफल रहना संहिता का उल्लंघन है।

कर्मचारियों को आंतरिक तथा बाह्य लेखा-परीक्षकों के साथ पूरा सहयोग करना चाहिए। आपको कभी भी हमारी कंपनी की किसी लेखा-परीक्षा या समीक्षा में शामिल किसी व्यक्ति को भ्रमित करने, धोखे से प्रभावित करने या उससे चालाकी करने का प्रयास कतई नहीं करना चाहिए।

### संहिता जागरूकता

मानव संसाधन (HR) कथित दुराचार के संबंध में आंतरिक जाँच कर रहा है और ऐसे विभिन्न कर्मचारियों से बातचीत कर रहा है जिनके पास इसके संबंध में कोई सूचना हो सकती है। पूछताछ किए जाने वालों में से एक कर्मचारी अजय के पास सबूत है कि उसका मित्र दुराचार में शामिल था, परंतु वह अपने मित्र को परेशानी में नहीं डालना चाहता। अजय का मानना है कि यदि वह जो जानता है उसे नहीं बताता है तो वह झूठ नहीं बोल रहा होगा। फिर भी, अजय कंपनी की जाँच में सहयोग करने के लिए बाध्य है और इसका अर्थ है कि उसे सभी प्रश्नों का उत्तर सच्चाई से देना चाहिए और ऐसी कोई भी सूचना उपलब्ध करानी चाहिए जिसकी उसे जानकारी है और जो संभावित रूप से सहायक हो सकती है। किसी जाँच के दौरान सूचना छिपाना संहिता का उल्लंघन है।

# हम ग्राहकों को सफल बनाते हैं

4

**हम ऐसे उत्पाद बनाते हैं जिन्हें अपना स्वयं का बताने में हमें गर्व होता है।**

हमारे ग्राहक अपेक्षा करते हैं कि हमारे उत्पाद बाजार में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ उत्पादों में से हों, और हम जानते हैं कि वे अनिवार्य, महत्वपूर्ण तथा मिशन हेतु जरूरी समाधानों के लिए हम पर निर्भर करते हैं। हम अपने ग्राहकों के साथ जीवन भर के लिए जुड़े रहने की इच्छा रखते हैं, इसलिए हम उसके साथ हमारे ऊपर आने वाली जिम्मेदारी को स्वीकार करते हैं। उनकी संतुष्टि हमारी सफलता के लिए अनिवार्य है, और हम चाहते हैं कि वे हमारे उत्पादों तथा सेवाओं से प्रसन्न हों।

## उत्पाद की गुणवत्ता

हम उच्च गुणवत्ता के उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए हम हमारे ग्राहकों को सुरक्षित तथा नवाचारी उत्पाद उपलब्ध कराएं, हम सभी लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुपालन में अपने उत्पादों का विनिर्माण करते हैं। इसके अतिरिक्त हम व्यापक स्तर पर उत्पाद का परीक्षण करते हैं और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं। किसी वास्तविक या संभावित उत्पाद गुणवत्ता या सुरक्षा मुद्दा जानकारी में आने पर तुरंत अपने सुपरवाइज़र, अपने सुविधा-केंद्र प्रमुख, अपने सुविधा सुरक्षा समन्वयक या कॉर्पोरेट पर्यावरणीय एवं सुरक्षा विभाग को सूचित करें।



*Ingersoll Rand कंप्रेसरों और पंपों का प्रयोग तेल तथा प्राकृतिक गैस की खोज में किया जाता है।*

## ग्राहक संतुष्टि

Ingersoll Rand हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले नवाचारी, उच्च गुणवत्ता के उत्पाद विकसित करके ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखती है। हमारा लक्ष्य हमारे सभी उत्पादों तथा ब्रांड्स के लिए ग्राहक संतुष्टि में #1 बनना है।

# हम साथ मिलकर काम करते हैं

5

**हम साथ मिलकर एक सकारात्मक कार्य वातावरण तैयार करते हैं।**

हम वैश्विक टीम हैं और हम ऐसी संस्कृति का आनंद मना रहे हैं जो विविध विचारों, पृष्ठभूमियों और अनुभवों को अपनाती है। हम लोगों के साथ व्यवहार में और उन्हें उपलब्ध कराए जाने वाले अवसरों में समानता और एक ऐसा समवेशी, स्वास्थ्यप्रद तथा सम्मानजनक कार्य वातावरण तैयार करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं जहाँ सभी कर्मचारी प्रगति कर सकें और सार्थक ढंग से योगदान दे सकें।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून

सुरक्षा **हमेशा** हमारी पहली प्राथमिकता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा कार्य वातावरण सुरक्षित रहे, कर्मचारियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करें, विशेष रूप से मशीनों के प्रचालन तथा भारी वस्तुओं को उठाने से संबंधित प्रक्रियाएँ। हम सुरक्षा को प्रथम प्राथमिकता देकर, स्थापित सुरक्षा कार्यविधियों का पालन करके, कंपनी के सुरक्षा कार्यक्रमों का अनुपालन करके और जिन देशों में हम प्रचालन करते हैं उनमें से प्रत्येक देश में व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य विनियमों का कड़ाई से पालन करके दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। किसी संभावित असुरक्षित क्रियाकलाप को तुरंत अपने प्रबंधक या संयंत्र सुरक्षा समन्वयक को रिपोर्ट करें। यदि आपको लगता है कि आपके स्थानीय प्रबंधन द्वारा किसी सुरक्षा मुद्दे पर उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है, तो आपको कॉर्पोरेट पर्यावरणीय तथा सुरक्षा विभाग (Environmental and Safety Department) से संपर्क करना चाहिए।

### संहिता जागरूकता

जगन देखता है कि संयंत्र के उपकरण का एक टुकड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है और इससे कोई घायल हो सकता है। उसे चिंता होती है कि यदि वह शिफ्ट समाप्त होने से पहले इसे रिपोर्ट करता है तो संयंत्र में उत्पादन रुक सकता है। तथापि, जगन निर्णय करता है कि "सुरक्षा सबसे पहले है" इसलिए वह तुरंत असुरक्षित स्थिति के बारे में अपने प्रबंधक और संयंत्र सुरक्षा प्रमुख को रिपोर्ट करता है।

## एक-दूसरे के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना

हमारे कर्मचारी हमारी सबसे महत्वपूर्ण सम्पत्ति हैं। हम विभिन्न संस्कृतियों का सम्मान करते हैं और हम विभिन्न मतों का सम्मान करते हैं।

Ingersoll Rand में हम एक-दूसरे के साथ हमेशा सम्मानजनक तथा गरिमापूर्ण व्यवहार करते हैं और हम इस बात को समझते हैं कि हम सभी भिन्न पृष्ठभूमियों और संस्कृतियों से आते हैं। हमारा मानना है कि सभी कर्मचारियों को – चाहे वे कहीं भी हों – भेदभाव, उत्पीड़न और भयमुक्त वातावरण में काम करने का हक है। हम पूरे विश्व में विद्यमान कार्यस्थल पद्धतियों का भी सम्मान करते हैं और स्थानीय संस्कृति तथा प्रथाओं के प्रति संवेदनशील हैं।

## निजता

हम अपने कर्मचारियों के व्यक्तिगत निजता अधिकारों को बरकरार करते हैं।

सही मायने में एक वैश्विक टीम बनने के लिए हमें एक-दूसरे की निजता का सम्मान अवश्य करना चाहिए। यदि आपकी हमारे कर्मचारियों के निजी रूप से पहचानने योग्य डेटा या डेटा का रखरखाव करने वाली प्रणालियों तक पहुँच है, तो आपको निजी रूप से पहचानने योग्य डेटा एकत्र करने, इसका उपयोग और प्रकटीकरण करने के संबंध में सभी लागू नीतियों और कानूनों का पालन करना होगा।

**आपको:**

- केवल वैध व्यावसायिक उद्देश्य के लिए निजी सूचना देखनी चाहिए
- निजी सूचना को सुरक्षित रूप से रखना चाहिए और निपटान करना चाहिए
- किन्हीं संभावित निजता उल्लंघनों या सुरक्षा जोखिमों के संबंध में तुरंत कानूनी विभाग या स्थानीय कानून के अनुसार कंपनी के अंदर अन्य प्राधिकृत व्यक्तियों को रिपोर्ट करना चाहिए
- डेटा गोपनीयता से संबंधित सभी स्थानीय कानूनों को समझना और उनका पालन करना चाहिए

अनेक देशों में ऐसे कानून और दिशानिर्देश हैं जो विदेश में कतिपय निजी कर्मचारी सूचना के आदान-प्रदान को विनियमित करते हैं। हम उन निजता कानूनों का पालन करते हैं जो हमारे द्वारा व्यवसाय किए जाने वाले देशों में लागू हैं। यदि आप किसी ऐसी परियोजना में शामिल हैं जिसके लिए आपको व्यक्तिगत रूप से पहचान की जा सकने वाली जानकारी को इसके स्रोत देश से बाहर भेजना है, तो कृपया कानूनी, IT या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

कंपनी के कम्प्यूटरों में भंडार की गयी सभी इलेक्ट्रॉनिक डेटा कंपनी की संपत्ति है। कर्मचारियों को कंपनी के कम्प्यूटरों या कंपनी के अन्य संसाधनों का प्रयोग करते समय निजता की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।



*Ingersoll Rand रोगी देखभाल, प्रयोगशालाओं, दवाइयों से संबंधित अनुसंधान तथा उत्पादन में प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों के लिए प्रमुख घटक उपलब्ध कराती है।*




*Club Car के पास हमारे ग्राहकों तथा हमारे समुदायों की सेवा करने के लिए गोल्फ कारों, वाणिज्यिक उपयोग के वाहनों और व्यक्तिगत-उपयोग के यातायात के लिए उद्योग-अग्रणी नवाचार तथा डिजाइन में 60 वर्ष से अधिक का अनुभव है।*

कंपनी कानून के दायरे में रहते हुए किसी भी समय अपने सिस्टम्स पर दस्तावेजों की निगरानी या उन तक पहुँच प्राप्त कर सकती है। Ingersoll Rand यह मानती है कि U.S. के बाहर कुछ देशों में कर्मचारियों के पास कंपनी द्वारा जारी किए गए कर्मचारी कम्प्यूटरों में मौजूद व्यक्तिगत डेटा के लिए सीमित निजता अधिकार हैं। जहाँ आवश्यक होता है वहाँ Ingersoll Rand ऐसे डेटा के संबंध में इन अधिकारों का सम्मान करती है।

## विविधता एवं समावेशन

हम अपने कार्यबल में विविधता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी नियुक्ति प्रक्रियाओं में नस्ल, रंग, धर्म, आयु, लिंग, यौन रुचि, राष्ट्रीयता, विकलांगता, नागरिकता स्थिति, पूर्व सैनिक स्थिति या कानून में शामिल किसी भी घटक के आधार पर भेदभाव की मनाही है। हमारा मानना है कि हमारे कार्यबल में विविधता एक मूल्यवान संपत्ति है और हम एक समावेशी कार्य वातावरण तैयार करने का प्रयास करते हैं जिसमें विभिन्न विचारों, परिदृश्यों तथा मतों का सम्मान किया जाए और उन्हें प्रोत्साहित किया जाए।

## उत्पीड़न-रोधक

कार्यस्थल पर कभी भी अवांछनीय यौन प्रस्ताव, यौन संबंधों के अनुरोध या डेट पर जाने की माँग को स्वीकार नहीं किया जाता।

हम एक उत्पीड़न-मुक्त कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की अपेक्षा करते हैं। उत्पीड़न के कई रूप हो सकते हैं जिनमें डराने वाला, अपमानजनक या शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण तैयार करने वाला अवांछनीय मौखिक, दृश्य या शारीरिक व्यवहार शामिल है। हम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, नस्लीय, जातीय, लैंगिक या धार्मिक अपशब्दों या अपमानजनक टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करते। यौन या अन्य प्रकार के उत्पीड़न का निर्धारण आपके कार्यों और दूसरों पर इनके प्रभाव द्वारा किया जाता है, चाहे आपका इरादा कुछ भी हो।

## कार्यस्थल पर हिंसा को बिल्कुल भी सहन न करना

हम कार्यस्थल पर हिंसा के किसी कार्य या धमकी या अनुचित/आक्रामक शारीरिक या मौखिक व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसमें धमकी या उत्पीड़न वाली टीका-टिप्पणियाँ, शारीरिक आक्रमण या किसी दूसरे की संपत्ति को क्षतिग्रस्त करना शामिल है।

## नशा एवं अल्कोहल-मुक्त

नशीली दवाएं और अल्कोहल से व्यक्ति के निर्णय लेने की क्षमता तथा वाहन चलाने के कौशल क्षीण हो सकते हैं और सहकर्मियों, ग्राहकों और अन्य लोगों को नुकसान का जोखिम हो सकता है। कंपनी की संपत्ति पर या कार्य समय के दौरान अवैध नशीली दवाएं रखना या उनके प्रभाव में रहना पूर्णतया प्रतिबंधित है। कर्मचारी कंपनी की संपत्ति पर अल्कोहल-युक्त पेय पदार्थ का भी उपयोग नहीं करेंगे या अपने पास नहीं रखेंगे, उन स्थितियों को छोड़ कर जहाँ Ingersoll Rand द्वारा प्रायोजित किसी कार्यक्रम में विशेष रूप से अल्कोहल की अनुमति दी गई हो। तथापि, Ingersoll Rand यह समझती है कि U.S. के बाहर कुछ देशों में हमें कंपनी की संपत्ति पर अल्कोहल रखने पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति नहीं है और Ingersoll Rand अपेक्षित सीमा तक ऐसे स्थानीय कानूनों तथा विनियमों का पालन करेगी।

## सामुदायिक एवं राजनैतिक गतिविधियाँ

हम कर्मचारियों को कार्य और जीवन के बीच स्वास्थ्यप्रद संतुलन बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और हम कर्मचारियों को उनके समुदायों के साथ शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। तथापि, कर्मचारियों को अपने व्यक्तिगत धार्मिक या राजनैतिक मत कभी दूसरों पर थोपने नहीं चाहिए।

राजनैतिक क्रियाकलाप कार्यस्थल के बाहर अपने स्वयं के समय में किए जाने चाहिए। कर्मचारियों को कंपनी की संपत्ति पर प्रत्याशियों का प्रचार या राजनैतिक सामग्री का वितरण नहीं करना चाहिए। कोई भी कर्मचारी कानूनी विभाग के स्पष्ट अनुमोदन के बिना कंपनी के नाम पर राजनैतिक अंशदान करने के लिए प्राधिकृत नहीं है।

### संहिता जागरूकता

सुशील दो सहकर्मियों के बीच एक तीखी बहस को सुन लेता है। उनकी आवाज ऊंची है और वे एक-दूसरे के प्रति आक्रामक तथा टकराव की स्थिति में हैं। सुशील इस डर से इसके बीच नहीं पड़ना चाहता कि कहीं वह घायल न हो जाए। तथापि सुशील किसी सुरक्षित स्थान पर जाने और अपने मानव संसाधन तथा अपने प्रबंधक से संपर्क करने का निर्णय करता है। वह जानता है कि Ingersoll Rand में कार्यस्थल पर हिंसा को बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाता।



*Ingersoll Rand के तार-रहित तथा न्यूमेटिक प्रभाव रेंचों की सभी जगह पेशेवरों द्वारा अत्यधिक सराहना की जाती है। वे अपने टिकाऊपन तथा सुगठित प्रोफाइल, किसी भी तरह प्रयोग करने में विश्वसनीयता और बाजार में सर्वश्रेष्ठ शक्ति-से-भार अनुपात के लिए जाने जाते हैं।*

# हम रचनात्मक रूप से सोचते हैं

6

**हम अपनी कंपनी की बौद्धिक संपदा की रक्षा करते हैं।** हमें अपनी रचनात्मक सोच, और अपने ग्राहकों के लिए अभिनव और उपयोग के लिए महत्वपूर्ण उत्पाद का निर्माण करने पर गर्व है। हमें यह सुनिश्चित करना होता है कि हम सभी इन विचारों और नवाचारों के साथ-साथ कंपनी की दूसरी संपत्तियों की सुरक्षा करने के लिए मिलकर काम करें।

## गोपनीय जानकारी

जब तक आपको ऐसा करने के लिए स्पष्ट रूप से अधिकृत ना किया जाए, तब तक कंपनी के विचारों, डिजाइनों और अनुसंधान एवं विकास को कंपनी के बाहर किसी से साझा न करें।

गोपनीय जानकारी वह जानकारी है जो आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं है, कंपनी के भीतर इसका प्रकटीकरण सीमित है या कंपनी द्वारा इसे गोपनीय निर्धारित किया गया है। कई बार, आपके पास कंपनी की गोपनीय जानकारी या किसी व्यावसायिक भागीदार की गोपनीय जानकारी तक पहुँच उपलब्ध हो सकती है। गोपनीय जानकारी में व्यावसायिक रहस्यों, महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारियों, व्यावसायिक योजनाओं, मूल्य निर्धारण, आविष्कारों, डिजाइनों और नए उत्पादों सहित ऐसी सभी गैर-सार्वजनिक जानकारियाँ शामिल होती हैं, जो प्रतिस्पर्धियों के लिए उपयोगी हो सकती हैं, या इनका प्रकटीकरण, कंपनी या इसके ग्राहकों के लिए अहितकर हो सकता है।

गोपनीय जानकारियों की सुरक्षा के लिएसभी बुनियादी कदम उठाए जाने चाहिए, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- जानकारी को स्पष्ट रूप से "गोपनीय" चिह्नित करना, ताकि दूसरों को पता रहे कि इस जानकारी को सुरक्षित रखा जाना चाहिए
- गोपनीय जानकारी को केवल उन्हीं को प्रकट करें जिनकी “जानने की आवश्यकता” वैध है।
- गोपनीय जानकारी का उपयोग केवल इसके निर्धारित उपयोग के लिए करना
- गोपनीय दस्तावेजों को कार्य क्षेत्र से केवल तभी निकालना जब ऐसा करना नितांत आवश्यक हो
- गोपनीय जानकारी का ऐसे तरीके से निपटान करना जो कि इसकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए निर्दिष्ट हो (जैसे, दस्तावेजों की कतरनें करना)
- यह सावधानी बरतना कि गोपनीय जानकारी पर चर्चा एकांत क्षेत्र में की जाए ताकि किसी अन्य द्वारा बातचीत सुने जाने से बचा जा सके (याद रखें, एलेवेटर और विश्राम कक्ष एकांत क्षेत्र नहीं हैं)

## संहिता जागरूकता

और कई अन्य सहकर्मियों के साथ रमेश लिफ्ट में जा रहा है, जब सुरेश उससे किसी ग्राहक से संबंधित कुछ गोपनीय जानकारी के बारे में प्रश्न पूछता है। रमेश, सुरेश को बातचीत करने के लिए उसके कार्यालय में आने के लिए कहता है क्योंकि वह जानता है कि उसे सार्वजनिक स्थान पर इस जानकारी पर चर्चा नहीं करनी चाहिए।

## भेदिया व्यापार

एक कर्मचारी के रूप में, आप Ingersoll Rand या किसी अन्य कंपनी के बारे में "महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी" से भी अवगत हो सकते हैं। महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी वह जानकारी है जिससे इस जानकारी के आधार पर किसी तर्कसंगत निवेशक का किसी कंपनी के स्टॉक को खरीदना या बेचा जाना प्रभावित होगा। जब कर्मचारियों पास कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध हो, तब उनके लिए किसी भी कंपनी का स्टॉक खरीदना या बेचना सख्त मना है। कर्मचारियों को "स्टॉक टिपिंग" — अर्थात, किसी संबंधी, सहकर्मी मित्र या किसी अन्य को कंपनी के बारे में ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा करना भी सख्त मना है जिसके जानकारी के आधार पर वह व्यक्ति कंपनी के स्टॉक खरीदने या बेचने में सक्षम हो सके।




*Quantima, ऑटोमोटिव और पेय पदार्थों अनुप्रयोगों में इस्तेमाल किया जाने वाला दो चरणों वाला क्रांतिकारी डायरेक्ट ड्राइव है और यह हमारे ग्राहकों के ऊर्जा बचत उद्देश्यों में पूरक का काम करता है।*

# बौद्धिक संपदा

हमारी बौद्धिक संपदा को उचित प्राधिकार के बिना कभी भी वितरित या प्रकाशित न करें।

हमारी बौद्धिक संपदा कंपनी के लिए अमूल्य संपत्ति है और हमें इसकी रक्षा गंभीरता के साथ करनी चाहिए। बौद्धिक संपदा में हमारे ब्रांड, कॉपीराइट्स, आविष्कार, पेटेंट्स और व्यापारिक रहस्य शामिल हैं। कोई भी बाहरी पक्षकार उचित प्राधिकरण और कानूनी विभाग द्वारा अनुमोदित लाइसेंस समझौते के बिना हमारे ट्रेडमार्क्स या अन्य बौद्धिक संपदा का उपयोग करने में सक्षम नहीं होना चाहिए।

हमारी बौद्धिक संपदा में हमारे कर्मचारियों के कार्य उत्पाद भी सम्मिलित हैं। एक कर्मचारी के रूप में, आप जो कार्य करते हैं और आपके द्वारा अपनी ड्यूटी से संबंधित, या कंपनी के समय, संसाधनों या जानकारी का उपयोग करते हुए सृजित चीजें, Ingersoll Rand की संपत्ति है और इनका उपयोग केवल कंपनी के व्यवसाय के संचालन के लिए किया जाना चाहिए। इसमें दस्तावेज़, योजनाएं, विश्लेषण और अनुमान, आविष्कार, विचार, सॉफ़्टवेयर प्रोग्राम, संवर्धन, कलाकृति, प्रक्रियाएं, डिज़ाइन या ऐसा कोई भी अन्य कार्य जिसे आप कंपनी के लिए अपने काम के संबंध में सृजित या तैयार करने में मदद करते हैं, शामिल हैं। यदि आप कंपनी छोड़ते हैं, तो कंपनी की सारी संपत्ति कंपनी के पास अवश्य होनी चाहिए या वापस लौटाई जानी चाहिए और आपको इनकी प्रतियाँ रखने की अनुमति नहीं होगी, सिवाय जहाँ ऐसा स्पष्टतया सहमति प्राप्त या निर्धारित नहीं हो।



*पारमा, इटली में स्थित Robuschi S.r.l., जल परिशोधन से लेकर चीनी उद्योग तक में इस्तेमाल के लिए कंप्रेसर, ब्लोअर और पंप का डिजाइन और विनिर्माण करती है।*

## ईमेल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और सूचना प्रणालियाँ

कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियाँ हमारे व्यवसाय का प्रमुख घटक हैं और इनका उपयोग केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। कंपनी मानती है कि कर्मचारियों को सीमित व्यक्तिगत उपयोग के लिए समय-समय पर कंपनी उपकरणों और/या संचारों इत्यादि का उपयोग करने की आवश्यकता हो सकती है। निम्नलिखित परिस्थितियों में ऐसे उपयोग की अनुमति है:

- यह सीमित अवधि के लिए हो
- कर्मचारी की नौकरी से संबंधित जिम्मेदारियों को बाधित न करता हो
- इसमें अपमानजनक, मानहानिकारक, रोषकारी, नस्लवादी, कामोद्दीपक या अश्लील सामग्री न हो
- कंपनी की छवि को गलत तरीके से प्रकट न करता हो, कंपनी की प्रतिष्ठा को नकारात्मक रूप से प्रभावित न करता हो या कंपनी को देयता के प्रति जिम्मेदार न ठहराता हो

जिन देशों में कानून द्वारा ऐसा स्वीकार्य हो, वहाँ Ingersoll Rand कर्मचारी की ईमेल, टेक्स्ट मैसेज, वॉइस मेल, सोशल मीडिया गतिविधियों और इंटरनेट उपयोग की निगरानी करने का अधिकार रखती है।

चैट रूम, संदेश बोर्ड और इस तरह की वेबसाइट ऐसे सार्वजनिक फोरम हैं जहाँ कंपनी की गोपनीय जानकारी, व्यक्तिगत या ग्राहक डेटा, व्यापारिक रहस्यों या किसी अन्य अनधिकृत सामग्री को प्रकट करना अनुचित है। यदि आपको व्यावसायिक कारणों से इन फोरमों का उपयोग करने की आवश्यकता है तो अनुमोदन के लिए अग्रिम रूप से अपने स्थानीय प्रबंधन या कानूनी (Legal) या अनुपालन विभाग (Compliance Department) से संपर्क करें।

मुफ्त सॉफ्टवेयर सहित, किसी भी सॉफ्टवेयर, शेयरवेयर, प्रदर्शन या मूल्यांकन सॉफ्टवेयर को तब तक किसी कर्मचारी के कंप्यूटर पर डाउनलोड या इंस्टॉल नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि IT द्वारा इसका अनुमोदन न और इसे उन्होने इंस्टाल न किया हो।

### संहिता जागरूकता

शिशिर को किसी मित्र से ईमेल प्राप्त होती है जिसमें यौन अभिव्यक्ति वाले चुटकुले हैं। शिशिर समझता है कि इंटरनेट पर अनुचित सामग्री भेजने के लिए कंपनी की संपत्ति का उपयोग करना कभी भी स्वीकार्य नहीं है, इसलिए वह ईमेल हटा देता है और ईमेल को किसी को अग्रेषित नहीं करता है।

# कंपनी रिकॉर्ड्स रखना

ऐसे कंपनी रिकॉर्ड्स को कभी भी संशोधित न करें, मिटाएं या छिपाएं नहीं, जिन्हें कानूनी कारणों से रखा जाना अपेक्षित हो।

सभी कर्मचारियों द्वारा कंपनी रिकॉर्ड्स को रखने और नष्ट करने संबंधी शेड्यूल का पालन किया जाना जरूरी है जो कि हार्ड-कॉपी और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों पर लागू है।

समय-समय पर, आपको कानूनी मामले के संबंध में कुछेक रिकॉर्ड बरकरार रखने की अपेक्षा के बारे में सूचित किया जा सकता है। इसे "कानूनन रखना" कहा जाता है। आपसे इस अनुरोध का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है और संरक्षित किए जाने वाले किसी भी रिकॉर्ड को संशोधित करना, हटाना, मिटाना, छोड़ना या अन्यथा नष्ट करना सख्त मना है।

## संहिता जागरूकता

सीमा को ऐसी परियोजना से संबंधित कानूनी अधिकार नोटिस प्राप्त होता है, जिस पर उसने काम किया है। "कानूनन रखना" में उसे परियोजना से संबंधित सभी दस्तावेजों, रिकॉर्ड्स और ईमेल को बरकरार रखने का निर्देश मिलता है। सीमा ऐसी ईमेल के बारे में चिंतित हैं जिसे भेजा जाना उसे याद है, जिसमें उसने कहा था कि उसका बॉस परियोजना में अनैतिक रूप से काम कर रहा था। वह अब उस तरह से महसूस नहीं करती है और वह जानती है कि केवल वह और ईमेल प्राप्तकर्ता ही ईमेल के बारे में जानते हैं। सीमा ईमेल हटाने के बारे में सोचती है ताकि उसके बॉस के बारे में उसकी नकारात्मक टिप्पणी सार्वजनिक नहीं हो पाए। हालाँकि, सीमा समझती है कि एक बार कानूनी नोटिस जारी होने के बाद, वह नोटिस में संरक्षण के लिए चिह्नित किसी भी दस्तावेज को संशोधित, बदल या हटा नहीं सकता है, चाहे यह कितना भी शर्मनाक या असत्य हो।



*Ingersoll Rand का कोई कर्मचारी किसी पंप का गहनता से निरीक्षण करता है ताकि हम ग्राहकों की अपेक्षाओं से बेहतर प्रदर्शन कर सकें।*

**हमारे लिए संहिता सर्वोपरि है।**
हम स्वामियों की तरह सोचते और काम करते हैं, और हम कार्रवाई करते हैं। हर व्यक्ति से यह अपेक्षा है कि वह हमारी संहिता में निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करे।

7

सभी कर्मचारियों से सिर्फ संहिता का पालन करने की ही नहीं, बल्कि अनुकरणीय व्यवहार से सबसे अग्रणी रहने की भी अपेक्षा है।

कार्यस्थल में सम्मान और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति जिम्मेदार है।

यदि आप कर्मचारियों को सुपरवाइज़ करते हैं, तो आप से अपेक्षा की जाती है कि आप न केवल स्वयं संहिता का पालन करें, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि आप जिन कर्मचारियों की निगरानी करते हैं, वे भी हमारी संहिता के बारे में समझें और इसका अनुपालन करें। इसके साथ, परिसर के प्रमुख अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि हमारे सुविधा-केंद्रों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा हमारी संहिता का पालन किया जाए। सुपरवाइज़रों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना भी अपेक्षित है कि जो कर्मचारी उन्हें रिपोर्ट करते हैं, उन्हें उचित तरीके से अनुपालन प्रशिक्षण दिया जाए, और उनके द्वारा इसे पूरा किया जाए।

हम सभी को मिलकर ऐसा माहौल प्रोत्साहित करने के लिए काम करना चाहिए जहाँ कर्मचारी सहजता से प्रश्न पूछ सकें और चिंताएं प्रकट कर सकें। यदि आप दुराचार के बारे में जानते या संदेह करते हों, तो आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप या तो स्थिति का समाधान करें या इसे किसी उपयुक्त व्यक्ति तक पहुँचाएं ताकि समस्या का उचित समाधान हो सके।

# किसी सरोकार को रिपोर्ट करना

अगर आप कुछ देखें .... तो कुछ कहें।

Ingersoll Rand में काम करते हुए, आप किसी नैतिक दुविधा का सामना कर सकते हैं या कार्यस्थल में कुछ ऐसा देख सकते हैं जिसके कारण आप चिंतित हो जाएं। उन मामलों में, आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने प्रबंधक से संपर्क करें, यही हमारी सलाह है। यदि आप ऐसा करने में असहज हों तो आप किसी अन्य प्रबंधक, अपने सुविधा-केंद्र के मुख्य अधिकारी, मानव संसाधन (Human Resources), या कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा, आप अपने विवेक से, लेखा-परीक्षा समिति, जनरल काउंसेल (General Counsel) या आंतरिक लेखा-परीक्षा प्रमुख को रिपोर्ट कर सकते हैं: (1) किसी भी संदिग्ध लेखांकन, आंतरिक लेखा नियंत्रण या लेखा-परीक्षण के मामले; (2) लागू कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं या इस संहिता का संभावित गैर-अनुपालन; या (3) कर्मचारियों और उन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कथित बदला जिन्होंने सद्भाव में रिपोर्ट की हो।

आप ऐसे किसी भी मामले की रिपोर्ट कर सकते हैं:

(क) Ingersoll Rand को लिखित रूप में,
ध्यानार्थ: Chairman of the Audit Committee
(लेखा-परीक्षा समिति के अध्यक्ष) या
General Counsel (जनरल-काउंसेल) या Internal Audit
(आंतरिक लेखा-परीक्षा),
800-A Beaty Street,
Davidson, North Carolina 28036;

(ख) इस संहिता में दिए गए कंपनी के अंतर्देशीय हॉटलाइन नंबर(रों) पर कॉल करके;

(ग) www.irethicsreports.com पर कंपनी के स्वतंत्र हॉटलाइन सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर पहुँचकर।

कोई भी अन्य इच्छुक गैर-कर्मचारी या बाहरी पक्ष भी ऊपर वर्णित किसी भी मामले की रिपोर्ट लेखा-परीक्षा समिति, जनरल काउंसेल या आंतरिक लेखापरीक्षा को कर सकता है।

ऐसी रिपोर्ट काल्पनिक या निष्कर्षात्मक की बजाय तथ्यात्मक होनी चाहिए और इसमें उचित आकलन संभव बनाने के लिए यथासंभव विशिष्ट जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा, सभी रिपोर्टों में जाँच शुरू करने का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त पुष्टिकारक जानकारी होनी चाहिए, जिसमें उदाहरण के लिए, उल्लंघनों के संदेह वाले व्यक्तियों के नाम, उल्लंघनों से संबंधित तथ्य, शिकायतकर्ता को उल्लंघन के बारे में कैसे पता चला, और, यदि ज्ञात हो, तो कंपनी को संभावित नुकसान का अनुमान, शामिल है।

नैतिकता हॉटलाइन और वेबसाइट को बाहरी, स्वतंत्र सेवा प्रदाता द्वारा प्रबंधित किया जाता है और यह कंपनी के किसी भी कर्मचारी को गुमनाम और गोपनीय आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति देता है।

Ingersoll Rand सभी रिपोर्टों की अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार जाँच करेगी। यदि ऐसा अनुरोध किया जाता है, तो संहिता के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करने वाले किसी भी कर्मचारी की पहचान को गोपनीय रखा जाएगा, सिवाय उन मामलों के जहाँ कंपनी द्वारा कर्मचारी की पहचान का प्रकटीकरण करना कानून के तहत अपेक्षित हो, या कंपनी यह निर्णय करती है कि गहन जाँच करने और मामले का हल करने के लिए यह प्रकटीकरण आवश्यक है।

## संहिता जागरूकता

ने ऐसी बातचीत सुनी जिससे उसे विश्वास हो गया कि उसके एक सहकर्मी ने गोपनीय जानकारी का इस्तेमाल शायद भेदिया व्यापार में शामिल होने के लिए किया होगा। चूंकि के पास उल्लंघन का कोई ठोस सबूत नहीं है, इसलिए वह आश्वस्त नहीं है कि उसे इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए या नहीं। विचार करने पर, जानती है कि इस संहिता में उससे अपेक्षित है कि वह अपनी चिंता प्रकट करे ताकि प्रबंधन इस चिंता के गुणदोष निर्धारित करने के लिए उचित समीक्षा कर सके।

## प्रशासन

**निदेशक मंडल।** लेखा-परीक्षा समिति के माध्यम से, कंपनी का निदेशक मंडल (Board of Directors) यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि इस संहिता को सही तरीके से लागू की जाए। इस संहिता को लागू करने के लिए अनुपालन प्रक्रियाओं की समय-समय पर समीक्षा के लिए लेखा-परीक्षा समिति जिम्मेदार है और यह निदेशक मंडल को इस संहिता में स्पष्टीकरण या आवश्यक परिवर्तन की अनुमोदन के लिए सिफारिश करेगी।

**अधिकारी और प्रबंधक।** अपने कर्मचारियों सहित सभी अधिकारी और प्रबंधक इस संहिता की समीक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। अधिकारी और प्रबंधक इस संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए पद्धतियों और प्रक्रियाओं की विवेकपूर्ण समीक्षा के लिए भी जिम्मेदार हैं।

## प्रतिशोध न लिया जाना

Ingersoll Rand में कठोर प्रतिशोध-रोधी नीति है। जो भी किसी चिंता को प्रकट करने या किसी मामले की जाँच में मदद करने के लिए किसी के विरुद्ध बदले की कार्रवाई करता है, वह अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत आता है। यदि आपको लगता है कि कोई चिंता प्रकट करने के कारण आप किसी प्रतिशोध का सामना कर रहे हैं, तो कृपया हमारी वैश्विक आचारनीति हॉटलाइन या कानूनी या अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

## संहिता के उल्लंघन के परिणाम

संहिता पढ़ें और अपनाएं। आप जवाबदेह ठहराए जाएंगे।

आपको संहिता को पढ़ना होगा और समय-समय पर यह पुष्टि करते हुए प्रमाणित करना होगा कि आप इस संहिता और कंपनी की नीतियों का पालन करेंगे। इस संहिता के माध्यम से कर्मचारियों के उन अन्य दायित्वों को कम या सीमित करने का इरादा नहीं है जो उनके कंपनी के प्रति हो सकते हैं।

निदेशकों को ऐसी अतिरिक्त नीतियों के लिए कारपोरेट प्रशासन दिशानिर्देशों (Corporate Governance Guidelines) को भी पढ़ना चाहिए, जो विशेष रूप से निदेशकों के आचरण को विनियमित करते हों और गैर-कर्मचारी निदेशकों के मामले में, इस संहिता का अनुपालन चार्टर के प्रावधानों और Ingersoll Rand के उपकानूनों और किन्हीं शेयरधारक समझौतों के अधीन है।

वे कर्मचारी जो संहिता का अनुपालन (या तो अक्षरशः या इसके भाव के अनुरूप) करने में विफल रहते हैं, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है जिसमें नौकरी से बर्खास्त किया जाना शामिल है। नीचे आचरण के कुछ ऐसे उदाहरण हैं जिनके कारण दंड दिया जा सकता है:

- कंपनी की किसी भी नीति का उल्लंघन करने वाले कार्य;
- कंपनी की किसी भी नीति का उल्लंघन करने के लिए दूसरों से अनुरोध करना;
- कंपनी की किसी भी नीति के ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन के तुरंत प्रकटीकरण में विफलता;
- कंपनी की किसी भी नीति के संभावित उल्लंघनों से संबंधित कंपनी की जाँच में सहयोग करने में विफलता;
- ऐसे अन्य कर्मचारियों के खिलाफ बदला लिया जाना जिन्होंने सत्यनिष्ठा संबंधी किसी चिंता के बारे में सद्भावनापूर्ण तरीके से रिपोर्ट किया हो; तथा
- कंपनी की नीतियों और लागू कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित नेतृत्व और सावधानी का प्रदर्शन करने में विफलता।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस संहिता और कंपनी की कुछेक नीतियाँ का उल्लंघन कंपनी और आपको दीवानी दायित्व और क्षतिपूर्ति, विनियामक प्रतिबंध और/या आपराधिक मुकदमे के अधीन कर सकती है।



*Ingersoll Rand गुणवत्ता आश्वासन हमारे Sutorbilt Legend रोटरों के विनिर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले औजारों के परीक्षण के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।*

## संहिता से छूट

संहिता में छूटें दुर्लभ हैं, परंतु यदि परिस्थितियों के कारण ऐसा अत्यावश्यक हो, तो इन्हें प्रदान किया जा सकता है। यदि आपको लगता है कि किसी संहिता छूट पर विचार किया जाना चाहिए तो कृपया कानूनी विभाग से संपर्क करें।

कंपनी के कार्यकारी अधिकारियों या निदेशकों के लिए इस संहिता के किसी भी प्रावधान से किसी भी छूट को कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना होगा और लागू प्रतिभूति कानून और/या स्टॉक एक्सचेंज नियमों की अपेक्षानुसार तुरंत इसका प्रकटीकरण किया जाएगा।

---

*इस संहिता को कंपनी की नीतियों और प्रक्रियाओं और दुनिया भर के विभिन्न देशों में प्रचलित कर्मचारी पुस्तिकाओं से जोड़कर पढ़ना होगा। इस संहिता में कंपनी की सभी नीतियों और प्रक्रियाओं का संदर्भ नहीं दिया गया है। कंपनी के इंट्रानेट पर कंपनी के नीति पुस्तकालय में और इसके साथ-साथ विश्व के कुछेक हिस्सों में जारी कंपनी पुस्तिकाओं में अतिरिक्त नीतियाँ उपलब्ध हैं। कंपनी अपने विवेक से समय-समय पर इस संहिता और अपने विवेक से किसी भी नीति को अद्यतन कर सकती है। आपसे आपके कार्य पर लागू और इससे संबंधित कानून और सभी वर्तमान नीतियों और प्रक्रियाओं से अवगत होने और समझने की अपेक्षा की जाती है।*

*यह संहिता कोई रोजगार अनुबंध नहीं है और संहिता जारी होने से किसी भी कर्मचारी को कोई अधिकार नहीं मिलता है।*

*यह संहिता किसी भी वर्तमान या पूर्व कर्मचारी को किसी भी अमेरिकी संघीय, राज्य या स्थानीय सरकारी एजेंसी या संस्था के समक्ष किसी भी ऐसे कानून या विनियमन के संभावित उल्लंघनों के संबंध में संचार करने, सहयोग करने या शिकायत दर्ज करने या अन्यथा किसी भी सरकारी एजेंसी या संस्था के समक्ष प्रकटीकरण करने से प्रतिबंधित नहीं करती जो किसी भी ऐसे कानून या विनियमन के तहत व्हिसलब्लोअर प्रावधानों के तहत संरक्षित है यदि (1) इस तरह के संचार और प्रकटीकरण लागू कानून के अनुरूप हैं और (2) वर्तमान या पूर्व कर्मचारी द्वारा ऐसे प्रकटीकरण के अधीन आने वाली सूचना ऐसे संचार के माध्यम से प्राप्त नहीं की गई थी जो कि वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार के अधीन था। यह वर्तमान या पूर्व कर्मचारियों पर लागू किसी अन्य गोपनीयता या गैर-प्रकटीकरण समझौते पर ध्यान दिए बिना सत्य है, और ऐसा कोई भी समझौता जो पूर्वगामी के साथ टकराव में हो, उसे पूर्वगामी के अनुरूप होने के लिए कंपनी द्वारा संशोधित माना जाता है।*

# मुख्य संपर्क-सूत्र:

**कानूनी विभाग**
General Counsel (जनरल काउंसेल)
Ingersoll Rand
800-A Beaty Street
Davidson, North Carolina 28036

**Compliance & International Trade Regulations (अनुपालन एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार विनियम)**
Director, Global Compliance (निदेशक, वैश्विक अनुपालन)
Ingersoll Rand
800-A Beaty Street
Davidson, North Carolina 28036

**Controllership and Audit (नियंत्रण और लेखा-परीक्षा)**
उपाध्यक्ष और कॉर्पोरेट नियंत्रक
Ingersoll Rand
800-A Beaty Street
Davidson, North Carolina 28036

**मानव संसाधन**
उपाध्यक्ष, मानव संसाधन
Ingersoll Rand
800-A Beaty Street
Davidson, North Carolina 28036

**कंपनी की नीतियाँ**
Ingersoll Rand की नीतियों की समग्र सूची के लिए, कंपनी के इंट्रानेट, **IRnow** पर जाएं

# हॉटलाइन नंबर

**वैश्विक आचारनीति हॉटलाइन (Global नैतिकता Hotline)**
www.irethicsreports.com

**अर्जेंटीना**
0-800-555-4288 (टेलीकॉम)
0-800-222-1288 (टेलीफोनिका)

जब कहा जाए
844-439-4693

**ऑस्ट्रेलिया**
800-875-313

**ऑस्ट्रिया**
0-800-200-288

जब कहा जाए
844-439-4693

**बहरीन**
800-00-001 (लैंड)
800-000-05 (सेल्यूलर)

जब कहा जाए
844-439-4693

**बेल्जियम**
0-800-100-10

जब कहा जाए
844-439-4693

**ब्राज़ील**
0800-892-0749

**कनाडा**
844-439-4693

**चिली**
800-225-288 (Telmex)
800-800-288 (Telefonica)
800-360-312 (ENTEL)

जब कहा जाए
844-439-4693

**चीन**
4008427065

**कोलंबिया**
01-800-911-0011

जब कहा जाए
844-439-4693

**चेक रिपब्लिक**
800-144-301

**डेनमार्क**
800-100-10

जब कहा जाए
844-439-4693

**इजिप्ट**
02-2510-0200 (सेल्यूलर)
2510-0200 (काहिरा)

जब कहा जाए
844-439-4693

**फिनलैंड**
0800-9-12740

**फ्रांस**
0800-90-4105

**जर्मनी**
0-800-225-5288

जब कहा जाए
844-439-4693

**ग्रीस**
00-800-1311

जब कहा जाए
844-439-4693

**हाँग काँग**
800-93-2266 या 800-96-1111

जब कहा जाए
844-439-4693

**भारत**
000-117

जब कहा जाए
844-439-4693

**इंडोनेशिया**
001-801-10

जब कहा जाए
844-439-4693

**आयरलैंड**
1-800-550-000
00-800-222-55288 (UIFN)

जब कहा जाए
844-439-4693

**इटली**
800-794395

**जापान**
0034-811-001 (NTT)
00-539-111 (KDDI)
00-663-5111 (Softbank)

जब कहा जाए
844-439-4693

**जॉर्डन**
1-880-0000

जब कहा जाए
844-439-4693

**मलेशिया**
1-800-80-0011

जब कहा जाए
844-439-4693

**मैक्सिको**
800-681-6934

**नीदरलैंड्स**
8000201780

**न्यूज़ीलैंड**
000-911

जब कहा जाए
844-439-4693

**नॉर्वे**
800-190-11

जब कहा जाए
844-439-4693

**पनामा**
800-2288

जब कहा जाए
844-439-4693

**पेरू**
0-800-50-000

जब कहा जाए
844-439-4693

**फिलीपीन**
1010-5511-00 (PLDT)
105-11 (Globe/Philcom/
Digitel /Smart)

जब कहा जाए
844-439-4693

**पोलैंड**
0-0-800-111-1111

जब कहा जाए
844-439-4693

**रोमानिया**
0808-03-4288

जब कहा जाए
844-439-4693

**रूस**
363-2400

जब कहा जाए
844-439-4693

**सऊदी अरब**
800-850-0695

**सर्बिया**
800190998

**सिंगापुर**
800-001-0001 (StarHub)
800-011-1111 (SingTel)

जब कहा जाए
844-439-4693

**स्लोवाकिया**
0-800-000-101

जब कहा जाए
844-439-4693

**स्लोवेनिया**
080-688837

**दक्षिण अफ्रीका**
800205140

**दक्षिण कोरिया**
00-309-11 (Dacom)
00-369-11 (ONSE)
00-729-11 (Telecom)

जब कहा जाए
844-439-4693

**स्पेन**
900-99-0011

जब कहा जाए
844-439-4693

**स्वीडन**
020-799-111

जब कहा जाए
844-439-4693

**स्विटज़रलैंड**
0-800-890011

जब कहा जाए
844-439-4693

**ताइवान**
00-801-102-880

जब कहा जाए
844-439-4693

**थाइलैंड**
1-800-0001-33

जब कहा जाए
844-439-4693

**टर्की**
0811-288-0001

जब कहा जाए
844-439-4693

**यूक्रेन**
0-800-502-886

जब कहा जाए
844-439-4693

**संयुक्त अरब अमीरात**
8000-021

जब कहा जाए
844-439-4693

**यूनाइटेड किंगडम**
0808-234-3663

**अमेरिका**
844-439-4693

**वियतनाम**
1-201-0288
1-228-0288

जब कहा जाए
844-439-4693

**Ingersoll Rand**वैश्विक मुख्यालय

800-A Beaty Street
Davidson, North Carolina 28036
**www.IRCO.com**

©2020 Ingersoll Rand. सर्वाधिकार सुरक्षित।
IR-ICoC-ENG 3सरा संस्करण 1/20